# त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018

## हिन्दी भाषा

**कक्षा : VI**

**समय : 2 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** **12]**

(क) आपके आदर्श (Ideal) कौन हैं ? उनकी विशेषताओं का वर्णन करते हुए बताएँ कि आप उनकी किस-किस विशेषता को अपनाना चाहेंगे ?

(ख) वसंत ऋतु में सड़क द्वारा की गई एक लंबी यात्रा का वर्णन कीजिए।

(ग) एक बार आपके घर में आग लग गई और आपका पूरा परिवार उसमें फंस गया। उस आग को कैसे नियंत्रित किया गया, उस स्थिति की भयावहता और अपनी उस समय की भावनाओं का वर्णन कीजिए।

(घ) गणतंत्र दिवस कब और क्यों मनाते हैं ? भारत में एवं आपके विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह किस तरह मनाया जाता है ? वर्णन करें।

**2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए ।** **[10]**

(क) विद्यालय के जल संकट के बारे में सूचित करते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखें।

(ख) आपका मित्र किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से कतराता है। उसकी प्रतिभा से परिचित कराते हुए उसे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए पत्र लिखें।

**3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए।** **[20]**

एक दिन बीरबल ने फटे-पुराने वस्त्र पहने एक बालक को देखा। वह रूक-रूककर चने का एक-एक दाना मुँह में डाल रहा था। बीरबल ने आश्चर्य से पूछा - ''अरे इस तरह एक-एक दाना क्यों खा रहे हो?'' बालक बोला - ''इस तरह मैं इन चनों को देर तक खाता रहूँगा तो बहुत देर तक मुझे भूख नहीं लगेगी।'' बीरबल को बालक बुद्धिमान लगा। वे उसे ले आए और पुत्रवत् उसका पालन-पोषण करने लगे। एक दिन बादशाह अकबर ने बीरबल से एक साथ तीन प्रश्न पूछे - ''ईश्वर कहाँ रहता है ? वह कैसे मिलता है ? वह क्या करता है?'' बीरबल ने उत्तर देने के लिए कुछ समय माँगा। घर आए तो कुछ चिन्तित से थे। बालक ने कारण पूछा तो बोले - ''आज बादशाह ने मुझसे तीन प्रश्नों के उत्तर पूछे हैं, जो तुम्हारी बुद्धि से बाहर हैं, इसलिए बताने से कोई लाभ नहीं।'' बालक के हठ करने पर बीरबल ने तीनों प्रश्न बता दिए। इस पर बालक ने कहा - 'ये तो बहुत सरल प्रश्न है। आप बादशाह से कह दीजिए कि इनके उत्तर तो मेरा बेटा भी दे सकता है।'' बालक ने जिस आत्मविश्वास से यह बात कही थी, उससे बीरबल को विश्वास हो गया कि वह उत्तर दे सकता है।

वे उसे दरबार में ले गए। वहाँ बालक ने दूध और चीनी मंगवाई। दूध में चीनी मिलाकर अकबर को पीने के लिए कहा। फिर पूछा - ''दूध कैसा है - मीठा। उसमें चीनी कहाँ है ? अकबर ने उत्तर दिया - ''चीनी तो घुल गई।

Downloaded From www.icseboard.org

अब वह सारे दूध में है।'' यही आपके प्रश्न का उत्तर है। जैसे - दूध के कण-कण में चीनी है, उसी प्रकार ईश्वर भी संसार के कण-कण में है। हुजूर ! अब कुछ दही मँगवाइए। दही आने पर उसने पूछा - ''जहाँपनाह, क्या दही में मक्खन है ?'' ''है'' कहने पर फिर पूछा - कहाँ है ? मुझे तो नजर नहीं आता। अकबर बोले - 'दही बिलोने (मथने) से निकलेगा, ऐसे नहीं दिखाई देगा।'' बालक बोला - ''यही आपके दूसरे प्रश्न का उत्तर है।जैसे दही बिलोने से मक्खन निकलता है, वैसे ही भक्ति और विश्वास से मन को मथने से ईश्वर रूपी मक्खन मिल जाता है।'' अकबर ने चकित होकर पूछा - ''ईश्वर क्या करता है?'' बालक ने कहा - ''इसका उत्तर गुरु दे सकता है। आप मुझे गुरु माने तो दूँ।'' अकवर ने कहा - ''ठीक है, आप मेरे गुरु हुए।'' बालक ने कहा, - ''गुरु का स्थान सदा ऊँचा होता है। आप मेरी जगह आ जाएँ और मुझे ऊँचे स्थान पर बैठने दें। अकबर ने उसकी बात स्वीकार कर ली, फिर कहा - ''अब बताइए मेरे तीसरे प्रश्न का उत्तर।'' बादशाह बैठे चौकी पर और बालक सिंहासन पर। वह उच्च स्वर में बोला - ''ईश्वर किसी को एक क्षण में राजा से भिखारी और भिखारी से राजा बना सकता है। आप सम्राट होकर नीचे बैठे हैं और मैं निर्धन होकर भी सिंहासन पर बैठा हूँ।'' यह कहते-कहते बालक सिंहासन से उतर गया। अकबर ने बालक के बुद्धि की प्रशंसा करते हुए आदरपूर्वक अनेक उपहार देकर, उसे विदा किया।

(क) बालक क्या कर रहा था ? उसने बीरबल को क्या उत्तर दिया ?

(ख) बीरबल की चिन्ता का क्या कारण था ? वे बालक को क्यों नहीं बताना चाह रहे थे ?

(ग) बालक ने क्या हठ किया और बीरबल को किस बात का विश्वास दिलाया ?

(घ) दूसरे प्रश्न का उत्तर देते हुए बालक ने किस तरह समझाया ? वर्णन करें ।

(ङ) तीसरे प्रश्न का उत्तर देते-देते बालक कहाँ से उठ गया और क्यों ?

(च) अर्थ लिखें :- निर्धन, सरल, हठ, उपहार, चकित

**4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (शब्द उतारें)** **[4]**

आरोह, अनुकूल, उत्थान, अनुज

**5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (शब्द उतारें)** **[4]**

अमृत, किनारा, इंद्र, कपड़ा

**6. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए -** **[4]**

कर, गुरु, गति, कुल

**7. निम्नलिखित अनेक शब्दों के बदले एक-एक शब्द लिखें :-** **[4]**

जिसकी उपमा न हो, जिसका कोई शत्रु न हो, जिसका हृदय विशाल हो, सौ वर्षों का समय

**8. निम्नलिखित समरूपी शब्दों को उतार कर अर्थ लिखें :-** **[4]**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपेक्षा - | अन्न - | आदी - | अचार - |
| उपेक्षा - | अन्य - | आदि - | आचार - |

Downloaded From www.icseboard.org

9. **निम्नलिखित वाक्यों के उद्देश्य और विधेय को अलग करके लिखें। (केवल उत्तर लिखें।)** **[4]**

(क) झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए ।

(ख) पर्वतराज हिमालय भारत का मुकुट कहा जाता है ।

(ग) कुछ बच्चे घर के सामने बगीचे में प्रतिदिन खेलते हैं।

10. **निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण छाँटिए तथा उनके भेद लिखिए :-** **[3]**

(क) हिरन धीरे-धीरे चलने लगा ।

(ख) थोड़ा व्यायाम भी कर लो ।

(ग) वह दिनभर सोता रहता है ।

11. **निम्नलिखित वाक्यों में आए काल के भेद-उपभेद बताएँ :-** **[3]**

(क) शायद उसने भी प्रतियोगिता में भाग लिया होगा ।

(ख) पिताजी फल लाए हैं ।

(ग) यदि तुम आते तो मैं भी तुम्हारे साथ झूलने चलता ।

12. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :** **[6]**

खिल उठना, आँखें खुलना, घुटने टेकना

13. **निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :-** **[3]**

(क) गरीब मजदूर ने अपना भोजन भूखे भिखारी को दिया। (लिंग बदलें।)

(ख) उस लड़की का साहस देखने योग्य था। (वचन बदलों)

(ग) चंचल खाना बनाती है । (क्रिया के भेद बताएँ)

Downloaded From www.icseboard.org